भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित उत्तर हेतु प्रश्न संख्या : **351**
गुरुवार, 3 फरवरी, 2022/ 14 माघ, 1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमान पत्तनों पर आरटी-पीसीआर जांच की उच्च दर

351. डॉ. एम.पी. अब्दुस्समद समदानीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को विमान पत्तनों पर आरटी-पीसीआर जांच की उच्च दर के कारण यात्रियों, मुख्य रूप से कुछ देशों की यात्रा करने वाले प्रवासियों पर पड़ रहे वित्तीय बोझ की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विमान पत्तनों पर आरटी-पीसीआर जांच की दर विमान पत्तनों के बाहर जांच की दर से अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(ग) क्या सरकार का संबंधित देशों में अधिकारियों के साथ समन्वय करके आरटी-पीसीआर जांच से बचने या इसकी दर को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.) , विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय के समन्वय से नागर विमानन मंत्रालय, भारतीय हवाई अड्डों पर आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए कोविड-19 संबंधी दिशानिर्देशों को लागू कर रहा है। यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए, हवाई अड्डा प्रचालक मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के माध्यम से हवाई अड्डों पर परीक्षण सुविधाओं की सेवाएं प्रदान करते हैं।

आरटी-पीसीआर/रैपिड आरटी-पीसीआर की दरें ज्यादातर संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों द्वारा तय और अधिसूचित की जाती हैं, जिनका पालन हवाई अड्डों पर प्रचालित प्रयोगशालाओं द्वारा किया जाता है।

कोविड परीक्षण रिपोर्ट के लिए लगने वाले समय, प्रतीक्षा समय और गंतव्य देशों की आवश्यकता के आधार पर, यात्री मानक आरटी-पीसीआर या रैपिड आरटी-पीसीआर परीक्षण सुविधाओं का चयन कर सकते हैं। मानक आरटी-पीसीआर के लिए शुल्क लगभग रु.500/- है। रैपिड आरटी-पीसीआर के लिए शुल्क रु. 1975/- से लेकर रु.3000/- हो सकता है। यह फर्क परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न तकनीकों के कारण है।

*****